वर्ष : 1, अंक: 134 इंदौर, शनिवार 24 मई 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
रणजीत टाइम्स
DIGITAL EDITION

# कुंडलिनी कोई रहस्य नहीं वरन् ईश्वर प्रदत्त कुंडलित ऊर्जा शक्ति है



**रंजीत टाइम्स**

हम सभी जानते हैं कि बिना ऊर्जा के जीवन संभव नहीं। यह सारा ब्रम्हांड ऊर्जा से ही संचालित है। पर वो ईश्वरीय ऊर्जा हमें दिखाई नहीं देती। हम मात्र मानव द्वारा परिचालित ऊर्जाओं जैसे विद्युत, बल्ब की रौशनी, कारखानों में उपयोग आने वाली मशीन इत्यादि को ही जान पाते हैं। कुंडलिनी भी एक ऊर्जा है क्योंकि कुंडलिनी का अर्थ ही है ' कुंडलित ऊर्जा' और यह एक शक्ति है जो साढ़े तीन कुंडल में हमारे रीढ़ की हड्डी के नीचे त्रिकोणाकार अस्थि में विराजमान होती है। यह जीवंत ऊर्जा है और स्वयं को कैसे संभालना है, यह जानती है। यह ऊर्जा सोच सकती है। इसका उदाहरण है कि यह हमारे उत्थान के लिए यह गुरुत्वाकर्षण के विरोध में कार्य करती है क्योंकि उसे मध्य सुषुम्ना नाड़ी से ऊपर उठना होता है और सिर के उपरी हिस्से तक तालु भाग तक जाकर वहाँ भेदन करना होता है। जब कुंडलिनी जागृत होती है तब सहस्त्रार चक्र तक जाने के मार्ग में जो भी चक्र आते हैं, उन्हें स्पर्श करती जाती है उसे पता है कि उस चक्र में क्या खराबी है अतः उसे वह ठीक करती जाती है। कुंडलिनी शक्ति जो मां स्वरूप है, हमारे साथ है हमें पोषित करने व हम सबकी देखभाल करने के लिये।

जब हमारे अंदर आत्म उत्थान की शुद्ध इच्छा जागृत होती है तब सुषुप्त कुंडलिनी एक जीवित प्रक्रिया की तरह जागृत होती है। वैसे ही जैसे हम धरती पर बीज बोते मात्र हैं पर उसका अंकुरित होना एक जीवंत क्रिया है। जब कुंडलिनी जागृत होती है, छः चक्रों से गुजरती हुई जब अंतिम चक्र का स्पर्श करती है तब हम स्वयं अपने सिर के ऊपर से ठंडी हवा के निकलने का अनुभव पाते हैं। आत्म साक्षात्कार के बाद ही पहली बार हम इस ठंडी हवा को अनुभव करते हैं। यह एक सुखद शांत ठंडक है। यह ईश्वर के प्रेम की सर्वव्यापी शक्ति है। इसके साथ ही हम एक ईश्वरीय कंप्यूटर सम बन जाते हैं। हम अपने अंदर किस चक्र में तकलीफ है, उसे स्वयं जान सकते हैं। हम अपने आस पास के व्यक्तियों के चक्रों की स्थिति भी जान सकते हैं, जो हमसे बहुत दूर हैं उनकी भी स्थिति भी हम जान लेते हैं।

हम सभी ईश्वरीय शक्ति से घिरे हुये हैं और कुंडलिनी के जागृत होने पर इस ईश्वरीय शक्ति से जुड़ जाते हैं। हमारे अंदर स्थित कुंडलिनी हमारी मां है, जो हमें परमात्मा के स्वर्ग साम्राज्य में ले जाती है। कुंडलिनी आत्मा से एकाकार होने की परम इच्छा है। कुंडलिनी हमारी मां है और इस मां को जानने का अधिकार हर मानव मात्र को है। तो चलिए सहज योग ध्यान से जुड़ते हैं। आप आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# नगरीय पुलिस इन्दौर पुलिस उपायुक्त जोन-4 इन्दौर के मार्गदर्शन में हुआ साईबर पाठशाला का आयोजन

## सहायक पुलिस आयुक्त जूनी इन्दौर,थाना प्रभारी भंवरकुआ की अभिनव पहल




**रंजीत टाइम्स**

इन्दौर शहर के सबसे बडे शैक्षणिक हब भँवरकुआं स्थित डिवाइन गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित की साईबर सुरक्षा पाठशाला डिवाइन गर्ल्स हॉस्टल में में आयोजित पुलिस की पाठशाला में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अननोन आईडेंटिटी के व्यक्तियो द्वारा की जा रही चीटिंग और हैरेसमेंट के बारे में किया जागरूक इन्दौर- दिनांक 23 मई 2025, पुलिस उपायुक्त नगरीय जोन-4 इन्दौर डॉ ऋषिकेश मीना के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अपराध राजेश दण्डोतिया इन्दौर सहित सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग जूनी इन्दौर देवेन्द्र सिंह धुर्वे ,थाना प्रभारी भंवरकुआ ने इन्दौर के सबसे बडे शैक्षणिक क्षैत्र में संचालित डिवाइन गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित की साईबर सुरक्षा की पाठशाला । आज के युग के सबसे घातक अपराधों में से एक साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया के माध्यम से ब्लैकमैलिंग करने के बचाव ब्लैकमेलिंग का शिकार हुए छात्रों को सतर्क रहने की संबंध में सावधानिया बताई है, साईबर अपराध रोकने तथा पूर्ण इस पर पूर्णरूप से अंकुश लगाने के क्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपने अनुभव सांझा किये है, तथा पाठशाला में छात्राओं के प्रश्नो के उत्तर दिए तथा साईबर अपराधो से सुरक्षित व सतर्क रहने के उपाय सुझाए संस्थान की लगभग 50-60 छात्राएं उपस्थिति रही । पाठशाला में उपस्थित छात्राओं के व्दारा इस बहुउपयोगी वह सारगर्भित बताया और साईबर फ्रॉड व ब्लैकमैलिंग से बचने की शपथ भी ली गई छात्राओं को पम्पलेट भी बांटे गए।

# ग्राम भडरी के किसान गोविंद पटेल भोपाल में सम्मानित



**रंजीत टाइम्स**

गोटेगाव तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक के कृषक नई-नई तकनीक के साथ आधुनिक खेती करते हैं इसी क्रम में के ग्राम भडरी के कृषक गोविंद पटेल को विगत दिवस भोपाल में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा धरा संरक्षण को प्रोत्साहन देने हेतु गोविन्द सिंह पटेल कों राज्य में द्वितीय पुरस्कार स्मृति चिन्ह के साथ ही (दो लाख रुपए )प्रदत्त किया गए उल्लेखनीय है कि गोविंद पटेल भारत विकास परिषद गोटेगांव के अध्यक्ष भी हैं उनकी इस उपलब्धि पर भारत विकास परिषद परिवार, एवं उनके मित्रों शुभचिंतकों ने बधाइयां प्रेषित की है।

# एनएचएआई ने सिर्फ दो स्थानों पर दी रंबल ब्रेकर की अनुमति, बाक़ी खतरनाक क्रॉसिंग अब भी असुरक्षित

## निमरानी बायपास रोड़ सहित ग्राम मगरखेड़ी चौराहे पर बनेंगे स्पीड ब्रेकर



### शिवकुमार राठौड़ कसरावद

कसरावद.मुम्बई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-52) पर खरगोन जिले का एक छोटा सा हिस्सा —बलकवाड़ा थाना की खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाला बारह किलोमीटर क्षेत्र आज हादसों का गढ़ बन चुका है। यह वही इलाका है जहां खरगोन जिले का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र 'निमरानी' स्थित है और यह क्षेत्र न केवल खरगोन जिले के सबसे व्यस्त औद्योगिक क्षेत्र निमरानी को जोड़ता है, बल्कि आम मजदूर और ग्रामीण जनजीवन की मुख्य आवाजाही का मार्ग भी है। लेकिन, राष्ट्रीय राजमार्ग पर मूलभूत सुरक्षा सुविधाओं का अभाव लगातार जानलेवा साबित हो रहा है। मुम्बई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-52) पर स्थित खलटाका चौकी से गुजरने वाले मात्र बारह किलोमीटर हिस्से में बीते छह महीनों के दौरान छोटे बड़े लगभग चालीस सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें अब तक आठ से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। ओर दर्जनों लोग घायाल हो चुके है।इन घटनाओं के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया और दो स्थानों पर रंबल ब्रेकर निर्माण की अनुमति दी गई है। लेकिन केवल दो ही स्थान निमरानी बायपास और मगरखेड़ी चौराहा पर ही अनुमति आई है।जबकि चिचली फाटा क्रॉसिंग और मराल घाटी स्थित औद्योगिक क्षेत्र के मुख्य द्वार वाली क्रॉसिग जहाँ हाल ही में भी दुर्घटनाएँ हुई हैं वहाँ अभी तक नेशनल हाईवे अथॉरिटी से कोई अनुमति नहीं मिली है।"इतना ही नहीं, क्षेत्र में सुरक्षा के लिए आवश्यक स्ट्रीट लाइट्स या दुर्घटना की स्थिति में त्वरित राहत देने वाली एम्बुलेंस सुविधा की भी कोई स्वीकृति अभी तक नहीं आई है।वही इस मामले में पी एस मंडलोई मेंटेनेंस अधिकारी ने बताया की अभी केवल निमरानी बायपास और मगरखेड़ी चौराहे पर रंबल ब्रेकर की अनुमति मिली है। जबकि चिचली फाटा क्रॉसिंग और मराल घाटी , वहां अब तक नेशनल हाईवे अथॉरिटी से कोई अनुमति नहीं मिली है।"

**स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि प्रशासन तब ही जागता है जब जनहानि हो जाती है। इतने गंभीर आंकड़ों के बाद भी अगर आधे ब्लैक स्पॉट पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही, तो यह लापरवाही नहीं तो और क्या है**?"

#### जनहित में अपील:

नागरिक अब भी प्रशासन से यही मांग कर रहे हैं कि सभी ब्लैक स्पॉट पर सुरक्षा उपाय तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं और स्थायी रूप से लाइटिंग, रोड़ के सोल्डर, संकेतक बोर्ड, स्पीड कंट्रोल और एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाए



# सेना के सम्मान में बहनों ने निकाली तिरंगा यात्रा

## विधायक मेव के नेतृत्व विधानसभा क्षेत्र की जनता ने लगाए भारत माता के जयकारे

### दीपक तोमर

मंडलेश्वर।पूर्व प्रस्तावित तिरंगा यात्रा शुक्रवार को मंडलेश्वर के शासकीय स्कूल मैदान से महेश्वर के जय स्तंभ चौक तक निकाली गई। मंडलेश्वर के शासकीय स्कूल मैदान पर सुबह 9 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दा ब्राह्मणे, जिला कलेक्टर भव्या मित्तल, एसपी धर्मवीर सिंह मीणा सहित पूर्व सैनिकों के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा के शुरुवात के पूर्व शासकीय स्कूल मैदान पर ही जिला अध्यक्ष ब्राह्मणे एवं क्षेत्र विधायक राजकुमार मेव द्वारा पूर्व सैनिकों के सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्र गान जन गण मन के उपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष ब्राह्मणे, विधायक राजकुमार मेव, जिला कलेक्टर भव्या मित्तल एवं एसपी धर्मवीर सिंह मीणा की अगुआई में तिरंगा यात्रा की शुरुवात हुई। तीनों अतिथियों ने हाथों में तिरंगा थाम कर यात्रा को मार्ग दिखाया। यात्रा में सबसे पहले एक रथ पर भारत माता की झांकी एवं दूसरे रथ पर लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की झाकी के रूप में बालिकाएं विराजित थी। उसके पश्चात पूर्व नियोजित बहनों को हुजूम था। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र की लगभग 3 हजार से अधिक महिलाएं तिरंगा यात्रा में भारतीय सेना के समर्थन के हुंकार भर रही थी। वही उनके पीछे क्षेत्र के पूर्व सैनिक खुली जीप में स–सम्मान विद्यमान थे। और यात्रा की अंतिम कड़ी में पूरे विधानसभा क्षेत्र के लगभग 2 हजार से अधिक युवा एवं पुरुष भारत माता के जयकारे लगा रहे थे। स्कूल ग्राउंड से निकल कर यात्रा में उपस्थित देशभक्तों का जनसैलाब महेश्वर मंडलेश्वर रोड पर भारत माता के जयकारे के साथ देशभक्ति गीतों पर नृत्य करते चल रहा था। महेश्वर मंडलेश्वर के बीच की लगभग 8 किलोमीटर की दूरी यात्रा में शामिल देशभक्तों ने मात्र 2 घंटे में तय की। रास्ते भर विभिन्न स्टालों के माध्यम से यात्रा में उपस्थित देशभक्तों का पुष्पवर्षा, अल्पाहार एवं जलपान से स्वागत किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्रा में एक सीरे से दूसरे सिरे की दूरी लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर थी। किसी ऊंचाई वाले स्थान से यात्रा में शामिल देशभक्तों को देखने पर देशभक्तों के सिर्फ चेहरे ही चेहरे दिखाई दे रहे थे। महेश्वर स्थित बुड्ढी जीन से यात्रा का महेश्वर में आगमन हुआ। जहा से यात्रा में शामिल देशभक्त महिलाओं ने जोश के साथ यात्रा में देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया। जय स्तंभ चौक पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने यात्रा के संयोजक विधायक राजकुमार मेव का भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान विधायक राजकुमार मेव ने उपस्थित जनसैलाब को संबोधित किया। उसके पश्चात यात्रा के अंतिम पड़ाव में जय स्तंभ चौक पर ध्वजारोहण हुआ। तत्पश्चात भवानी माता चौक स्थित लोक माता अहिल्या बाई होलकर की प्रतिमा को विधायक मेव द्वारा साड़ी ओढ़ाई गई। तिरंगा यात्रा का समापन यात्रा में उपस्थित देशभक्त महिला पुरुष के सामूहिक सहभोज के साथ हुआ।

न भूतों न भविष्यति

विधायक राजकुमार मेव ने यात्रा के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के सफल आयोजन में उपस्थित बहनों की संख्या के सागर ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि हमारे देश की बहने भी राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत है और समय आने पर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकती है। यात्रा में देशभक्त जनता के हुजूम को देखकर कहा जा



सकता है कि न भूतों न भविष्यति। इसके पहले कभी ऐसे आयोजनों में ऐसा जनसैलाब नहीं देखा। मै क्षेत्र की जनता एवं विशेषकर बहनों का आभार व्यक्त करता हु जिन्होंने एक छोटे से आव्हान पर अपनी देशभक्ति प्रदर्शित करते हुए यात्रा में जनसैलाब का एक इतिहास कायम किया।

### प्रशासनिक व्यवस्थाओं ने यात्रा को बनाया सुगम

यात्रा के पूर्व प्रशासन ने भी 8 किलोमीटर की यात्रा को सुगम बनाने के लिए पूरा सहयोग किया। एसडीएम अनिल कुमार जैन, एसडीओपी मनोहर गवली, मंडलेश्वर थाना प्रभारी दीपक यादव, महेश्वर थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने पूरे यात्रा मार्ग पर अपनी व्यवस्थाओं को चाकचौबंद रखा। राजस्व विभाग की टीम पूरे यात्रा मार्ग पर पैदल यात्रा के साथ रही। स्वस्थ विभाग से एक एंबुलेंस एवं नगर परिषद से एक फायर फाइटर भी यात्रा के साथ साथ रहे।

# कपकपी ट्रेलर आउट: श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर स्टारर हॉरर कॉमेडी एक डरावने ट्विस्ट के साथ एक मज़ेदार दंगल का वादा करती है

**रणजीत टाईम्स-अनिल चौधरी**




कपकपी ट्रेलरः श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर की ओइजा बोर्ड हॉरर कॉमेडी, सच्ची घटनाओं से प्रेरित? बहुप्रतीक्षित फिल्म कपकपी का ट्रेलर आखिरकार आ गया है—और यह हंसी, डर और अलौकिक शरारतों का रोलरकोस्टर है। श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर अभिनीत यह हॉरर-कॉमेडी 23 मई को थिएटर्स में हंसी का खौफ लेकर आ रही है। दिवंगत संगीथ सिवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म उनकी जनी कॉमेडी और जॉनर मिक्सअप की विरासत को श्रद्धांजलि देती है। फिल्म कपकपी के प्रमोशन के सिलसिले में, स्टार कास्ट फीनिक्स सिटाडेल मॉल, इंदौर पहुँची , जिसमें तुषार कपूर ,जय ,सिद्धि ,सोनिआ ,वरुण ,धीरेन्द्र और दिनकर शामिल होंगे। इस इवेंट का आयोजन तनुश्री इवेंट द्वारा किया जा रहा है। ट्रेलर की शुरुआत एक अजीबोगरीब दोस्तों के समूह से होती है, जो ओइजा बोर्ड के जरिए काले जादू में हाथ आज़माते हैं और अनजाने में एक अजीब, रीढ़ को कंपा देने वाली घटनाओं की श्रृंखला को खोल देते हैं। लेकिन कयामत और उदासी के बजाय, जो आगे होता है वह है भूतिया मज़ाक, प्रेत-बाधित हरकतें और जोरदार हंसी का झमेला। भूत कराहते हैं, लाइट्स टिमटिमाती हैं और चीखें हंसी में घुल जाती हैं—यह अलौकिक सर्कस अपने टैगलाइन “आत्मा जी, दर्शन दो ना” को गर्व से धारण करता है। जारी होने के बाद से, ट्रेलर को प्रशंसकों और दर्शकों से ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। दर्शक विशेष रूप से तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े की ज़बरदस्त कॉमिक केमिस्ट्री को पसंद कर रहे हैं, जिनकी ऑन-स्क्रीन बॉन्डिंग इस अफरातफरी में एक पुरानी यादगार मिठास और बेहतरीन टाइमिंग लाती है। उनकी जोड़ी इस डरावनी मस्ती में एक अतिरिक्त परत जोड़ती है, जिससे कपकपी इस सीज़न के सबसे प्रत्याशित मनोरंजन में से एक बन गई है।

कॉमेडी को भयानक हॉरर के साथ मिलाते हुए, कपकपी एक भूतिया घर की डरावनी लेकिन मज़ेदार दुनिया में झलक दिखाती है। यह डरावनी, पागल और बिल्कुल दीवानी है। ब्रावो एंटरटेनमेंट के जयेश पटेल और उमेश कुमार बंसल द्वारा निर्मित और ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धि इदनानी, अभिषेक कुमार, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी और डिंकर शर्मा का भी जोशीला कलाकार समूह है। सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी द्वारा लिखी गई पटकथा के साथ, यह फिल्म डर और मज़ा के बीच की महीन रेखा पर चलती है, और सिवन की कल्ट क्लासिक्स जैसे क्या कूल हैं हम और अपना सपना मनी मनी की पागलपन भरी ऊर्जा को दर्शाती है। अगर ट्रेलर को देखा जाए, तो कपकपी आपकी मज़ाकिया हड्डियों को गुदगुदाते हुए आपकी रीढ़ में सिहरन पैदा करने के लिए तैयार है

# दिव्यांगों के जीवन में फिर लौटेगी मुस्कान नारायण सेवा संस्थान का दूसरा निशुल्क कृत्रिम अंग शिविर रविवार को

**रणजीत टाईम्स-अनिल चौधरी**

इंदौर, 23 मई। दिव्यांगों की सेवा में समर्पित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा प्रदेशभर के दिव्यांगों की सेवार्थ विशाल निःशुल्क शिविर का आयोजन रविवार 25 मई को इंदौर के गुरु अमरदास बैंक्वेट हॉल, चोइथराम अस्पताल के पास आयोजित होगा। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने बताया -कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ-पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है, उन्हें दिव्यांगता की तकलीफभरी जिन्दगी से मुक्ति देने संस्थान निस्वार्थ भाव से प्रतिबद्ध है। पदमश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 40 वर्षों से संस्थान मानवता के क्षेत्र में सेवारत है। मध्यप्रदेश के दिव्यांगजनों को मदद पहुंचाने के संकल्प से विशाल निःशुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मैजरमेंट शिविर इंदौर के गुरु अमरदास बैंक्वेट हॉल में रविवार, 25 मई को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा।

प्रेस कांफ्रेंस में निदेशक गौड़ ने बताया कि नारायण सेवा संस्थान ने पिछले वर्ष 766 दिव्यांगों को सकलांगता का जीवन दिया। अब पुनः दूसरी बार फ्री कैम्प आयोजित है। इसमें दिव्यांग



बन्धुओं को संस्थान के अनुभवी एवं विशेषज्ञ ओर्थोटिस्ट एवं प्रॉस्थेटिक डॉक्टर्स टीम द्वारा देखा जाएगा। टीम द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त और वजन में हल्के व टिकाऊ नारायण लिम्ब के लिए व्यवस्थित कास्टिंग कर लिम्ब का माप लिया जायेगा। इन दिव्यांगों को संस्थान लगभग दो माह बाद इनके मेजरमेन्ट के अनुसार मॉड्यूलर कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित कर निःशुल्क फिटमेंट करेगा। साथ ही संस्थान सर्जन निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित करेंगे। जिनका उदयपुर स्थित हॉस्पिटल में सर्जरी होंगी। आश्रम प्रभारी जसवंत मेनारिया ने बताया कि इस शिविर में आने वाले रोगीयों - परिजनों को निःशुल्क भोजन, चाय अल्पाहार दिया जाएगा। इस शिविर के लिए संस्थान पदाधिकारीयों ने इंदौर के सम्मानित व्यक्तियों और मंत्रियों को आमन्त्रित किया है। इस दौरान संस्थान संरक्षक पारस कटारिया, निदेशक गौड़ और आश्रम प्रभारी ने शिविर का पोस्टर जारी किया। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक ने दिव्यांगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए अपील करते हुए कहा इस शिविर में भाग लेने के इच्छुक दिव्यांग स्वयं का आधार कार्ड, डिसेबिलिटी प्रमाण पत्र और दिव्यांगता दिखाते हुए 2 फोटो लेकर आए। शिविर संबंधी अधिक जानकारी के लिए संस्थान हेल्पलाइन नम्बर 70235-09999 पर संपर्क करें।

संरक्षक कटारिया ने कहा दिव्यांगों के लिए संस्थान के माध्यम से प्रदेश भर में आगे भी शिविर लगाए जाते रहेंगे। हजारों दिव्यांगों को नई जिंदगी मिलना हमें सेवा के लिए प्रेरणा देता है। नारायण सेवा संस्थान 1985 से नर सेवा-नारायण सेवा की भावना से काम कर रहा है। संस्थापक कैलाश मानव को राष्ट्रपति महोदय ने मानव सेवा के लिए पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा है। संस्थान के अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल दिव्यांगों के लिए मेडिकल, शिक्षा, कौशल विकास और खेल अकादमी के माध्यम से मानसिक,शारीरिक एवं आर्थिक दृष्टि से मजबूत कर लाखों दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में ला चुके है। वर्ष 2023 में अग्रवाल को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। संस्थान अब तक 40 हजार से अधिक कृत्रिम अंग लगा चुका है। संस्थान अब मध्यप्रदेश के दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान कर उनकी रुकी जिन्दगी को फिर से शुरू करने के लिए बड़े स्तर पर काम करेगा।

# इन्दौर के वेस्टर्न बायपास का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा

**कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने वेस्टर्न बायपास के शेष भू-अर्जन का कार्य दो दिन में पूरा करने के दिये निर्देश**

**समीक्षा बैठक सम्पन्न**

इंदौर में बनने वाले 6-लेन वेस्टर्न बायपास के निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेजी से जारी है। वेस्टर्न बायपास का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि इस बायपास के शेष भू-अर्जन का कार्य अगले दो दिन अर्थात सोमवार तक पूरा कर लिया जाये। उन्होंने निर्माण कार्य प्रारंभ करने की अन्य औपचारिकताएं भी इसी अवधि में पूरी करने के निर्देश दिये।

आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज रेसीडेंसी में इन्दौर के वेस्टर्न बायपास के भूमि अधिग्रहण कार्यवाही हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी श्री श्रवण कुमार सिंह, इन्दौर के परियोजना निदेशक श्री सुमेश बांझल, भू-अर्जन विशेषज्ञ श्री एस.एन. रूपला के साथ एसडीएम देपालपुर, हातोद एवं सांवेर भी उपस्थित थे। बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा इन्दौर शहर के वेस्टर्न बायपास के भूमि अधिग्रहण भू-अर्जन हेतु की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण प्राधिकरण की ओर से भू-अर्जन विशेषज्ञ श्री एस.एन. रूपला द्वारा इन्दौर के वेस्टर्न बायपास के भू-अर्जन हेतु तैयार किये गये ड्राफ्ट 3G की विस्तृत जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सभी एसडीएम को भू-अर्जन हेतु 3G की कार्यवाही सोमवार तक पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये, ताकि वेस्टर्न बायपास का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ किया जा सके। इसके अलावा कलेक्टर श्री सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं जिनमें तेजाजीनगर से बलवाड़ा 4 लेन मार्ग, इन्दौर से राघवगढ़ 4-लेन मार्ग तथा इन्दौर-देवास बायपास पर एम.आर 10 जंक्शन, रालामंडल एवं अर्जुन बडौद पर फ्लायओवर निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की। कलेक्टर श्री सिंह ने उक्त निर्माणाधीन कार्यों हेतु भूमि अधिगृहण से संबंधित समस्याओं का जल्द-जल्द से निराकरण करने, मार्ग निर्माण हेतु भूमि का कब्जा NHAI को सौंपने हेतु संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया। जिससे समस्त निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किये जा सके एवं जनसामान्य को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिले तथा यातायात का आवागमन सुगमता से संचालित हो सके।

# रॉन्ग साइड में आ रही थी बाइक... रोका तो निकले 19 आईटीएमएस चालान

## पलासिया पर विशेष चेकिंग में टीम ने पकड़ी

### यातायात पुलिस ने बाइक की जप्त... चालक के पास नहीं था लाइसेंस भी

इंदौर शहर के सुगम, सुरक्षित, सुखद यातायात हेतु नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक लाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त, नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त यातायात प्रबंधन श्री अरविंद तिवारी के दिशा निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा सघन यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, इस दौरान नियमो का उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही भी की जा रही है।



इसी कड़ी में आज सहायक पुलिस आयुक्त श्री हिंदू सिंह मुवेल की उपस्थिति में यातायात पुलिस की विशेष चेकिंग में पलासिया चौराहा पर यातायात प्रबंधन कर रही टीम ने रॉन्ग साइड से आ रही एक बाइक को रोका, तो उसके 19 आईटीएमएस चालान पेंडिंग निकले। बाइक चला रहा व्यक्ति लायसेंस नहीं दिखा पाया और बाइक का बीमा भी नहीं था। यातायात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक को जप्त कर लिया है। यातायात सूबेदार काजिम हुसैन रिज़वी की टीम शाम को चौराहे पर यातायात प्रबंधन कर रही थी। इस दौरान बाइक (एमपी 09 क्यूपी 1345) को रॉन्ग साइड से आने पर रोका गया। बाइक चला रहा लक्ष्मण भूपेंद्र दस्तावेज मांगने पर नहीं दिखा पाया। न तो उसके पास लाइसेंस था, न ही बाइक का बीमा निकला। बाइक नंबर के आधार पर टीम ने जांच की, तो उसके 19 आईटीएमएस चालान निकले, जो कोर्ट जा चुके हैं। यातायात सूबेदार रिज़वी ने बताया कि बाइक अनिल खरे के नाम रजिस्टर्ड है। बाइक को जप्त कर थाने भिजवाया है। इसी के साथ लायसेंस, बीमा और रॉन्ग साइड का जुर्माना भी लगाया गया है। बाइक मलिक को बुलाकर आईटीएमएस के चालानों की जानकारी कोर्ट भेजी जाएगी।

---

## शिवपुरी की स्कूल बसों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी: फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र नहीं मिले; 202 वाहनों से 1 लाख रुपए वसूले



**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी में शुक्रवार को चार प्रमुख स्कूलों की बसों की जांच में कई कमियां मिलीं। जांच में हैप्पी डेज स्कूल की एक बस में प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं मिला। सेंट चॉर्ल्स स्कूल की तीन बसों में कमियां मिलीं। एक बस में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं था। दो अन्य बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र दोनों नदारद थे। गीता पब्लिक स्कूल की एक बस पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं थी।शिवपुरी पब्लिक स्कूल की स्थिति इन सबमें खराब रही। उनकी पांच में से चार बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र नहीं मिले।

यातायात प्रभारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुलिस मुख्यालय ने 20 बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी स्कूलों को इनका पालन करना अनिवार्य है। सभी स्कूल प्रबंधन को इस बारे में लिखित सूचना दी गई है। 202 बसों पर 1,01,000 का जुर्माना पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 13 मई से 31 मई तक चल रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। यातायात थाना प्रभारी रणवीर सिंह यादव के नेतृत्व में की गई। इसी अभियान के तहत लोक परिवहन बसों की भी जांच चल रही है। 22 मई तक 202 बसों पर कार्रवाई की गई है। इन पर 1,01,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## भ्रष्टाचार को लेकर अभी और भी विकेट गिरेंगे जिले में अब नाकेदार से मंडी सचिव बने विश्वनाथ की कुर्सी टूटी

**विनोद विकट/**

शिवपुरी। भ्रष्टाचार को लेकर जिले में आहाकार मचा हुआ है एक के बाद एक प्रशासन के अधिकारियो पर भ्रष्ट होने पर कार्यवाही की गाज गिर रही है। निलंबित हुए मंडी सचिव विश्वनाथ जाटव पर सरकारी ऐप में फर्जीवाडा करने के आरोप है। मंडी सचिव जाटव ने सरकारी ऐप में मंडी के अस्थाई कर्मचारियो को किसान बता दिया और जमकर फर्जीवाडा कर डाला। मंडी सूत्र बताते है कि सचिव जाटव ने मामला उजागर होने पर मंडी के अस्थाई कर्मचारियो को हटाने के निर्देश दिए जिनके नाम फर्जीवाडा में शामिल थे। सूत्र बताते है कि सचिव ने स्वंय को बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन सरकारी ऐप में फर्जीवाडे में वह फस गए और जांच में दोषी पाय जाने पर उन पर निलंबन की कार्यवाही हो गई। मंडी में जमकर भ्रष्टाचार है और मंडी सचिव जाटव से पहले भी मंडी के आरआई अरविन्द्र दुबे को भी भ्रष्टाचार के चलते निलंबित किया था। अब देखना होगा कि मंडी के अन्य सरकारी अधिकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार से तौवा करते है या फिर मंडी में भ्रष्टाचार को और बडावा देते है। यहा बताना होगा कि अभी हाल ही में भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व एसडीएम उमेश कौरव को बदला गया है। उल्लेखनीय है कि इडिया आज तक पिछले लम्बे समय से सरकारी विभागो के भ्रष्टाचार को लेकर खबरे प्रकाशित कर रहा है जिसमे खनिज विभाग,पीडब्ल्यूडी विभाग, कृषि उपज मंडी, जिला कोषालय विभाग, पशुचिकित्सालय विभाग, उप पंजीयक कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग,पीएचई कार्यालय,कृषि विभाग, आबकारी विभाग ,महिला बाल विकास विभाग शिक्षा विभाग, ग्रामीण यंत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, अजीविका मिशन, खाद्र विभाग, वन विभाग, माधव



टाइगर रिर्जव, नगर पालिका आदि शामिल है। जिनमे से पीडब्ल्यूडी विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि उपज मंडी, राजस्व विभाग आदि विभाग के अधिकारी कर्मचारियो पर भ्रष्टाचार को लेकर गाज गिर चुकी है इसके साथ ही अभी हाल ही में शिवपुरी विधायक देवेन्द्र जैन ने प्रेस वार्ता में खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पोषण आहार केन्द्र, खाद्य विभाग, नगर पालिका सहित अन्य विभागो में जमकर भ्रष्टाचार होने के आरोप लगाए है। इतना ही नही विधायक जैन ने प्रेस वार्ता में कहा है कि हमारे सांसद सिंधिया शिवपुरी जिले को भ्रष्टाचार मुक्त देखना चाहते है ऐसे में विधायक जैंन और क्षेत्र के सांसद सिंधिया का जिले को भ्रष्टाचार मुक्त देखने का सपना पूरा होगा या नही यह तो आने वाला समय ही बताऐगा।

## कलेक्टर ने की कार्यवाही,अमानक गेहूं पाए जाने पर सरिता वेयर हाउस को किया ब्लैकलिस्ट

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**जगदीश पाल**

पिछोर खनियाधाना क्षेत्र में जब उचित मूल्य की दुकानों से अमानक गेहूं वितरण की शिकायत कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी को मिली, तब उन्होंने तत्काल डिप्टी कलेक्टर और एसडीएम पिछोर को जांच के निर्देश दिए। डिप्टी कलेक्टर एवं




जिला आपूर्ति अधिकारी ममता शाक्य तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिछोर शिवदयाल धाकड़ ने कार्यवाही की और अमानक गेहूँ को हितग्राहियों के वितरण करने के पूर्व संज्ञान में आने से वितरण करने से रोका गया। पिछोर पीडीएस प्रदाय केन्द्र सरिता वेयर हाउस जुंगीपुर पिछोर गोदाम मे विना टैग का खाद्यान्न पाये जाने तथा गोदाम मे खराब गेहूँ का बिना अपग्रेड का खाद्यान्न पाये जाने एवं अमानक खाद्यान्न परिवहन के लिए दिये जाने से, उक्त अनियमितता पाये जाने के कारण प्रदाय केन्द्र सरिता वेअरहाउस जुंगीपुर पिछोर को ब्लैक लिस्ट किये जाने की कार्यवाही की गई है तथा गोदाम संचालक को पीडीएस के प्रदाय करने से रोका गया है।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शनिवार 24 मई 2025

# शिवपुरी जिले में कृषि खनियाधाना, जिला शिवपुरी की उपमंडी बमोर में कराई जा रही लाखों रुपए की मंडी टैक्स की चोरी

दैनिक रण जीत टाइम्स

जगदीश पाल




शिवपुरी कृषि उपज मंडी समिति खनियाधाना, जिला शिवपुरी की उपमंडी बमोर में कराई जा रही लाखों रुपए की मंडी टैक्स की चोरी सचिव बलवीर सिंह यादव ग्वालियर - शिवपुरी जिले की मंडियां टैक्स चोरी के मामलों में हमेशा चर्चा में रही हैं। अभी हाल ही में एक प्रकरण शिवपुरी मंडी का प्रकाश में आया था, जिसमें विश्वनाथसिंह सचिव को प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड भोपाल ने अपने आदेश क्रमांक 1779 दिनांक 14/05/25 से निलंबित किया गया था।मंडी खनियाधाना का प्रकरण इससे भी गंभीर है। जब हमारी टीम खनियाधाना की उपमंडी बमोर में समाचार कवरेज करने पहुँची तो वहाँ पर मंडी टैक्स की चोरी का बहुत बड़ा मामला सामने आया। शासन ने करोड़ों रुपए खर्च करके उपमंडी बमोर का निर्माण कराया, लेकिन मंडी प्रांगण में कृषि उपज का कोई क्रय-विक्रय नहीं हो रहा था। गेट बंद, चेकपोस्ट बंद, कार्यालय बंद, कर्मचारी नदारद। संपूर्ण कृषि उपज की तौल बिना नीलामी के मंडी प्रांगण के बाहर मेन रोड चंदेरी-पिछोर रोड पर देवराज ट्रेडर्स, गुरु मा ट्रेडर्स, शिंघई ट्रेडर्स एवं अन्य फर्मों पर की जा रही थी, जिससे किसानों का शोषण हो रहा है। किसानों को अपनी उपज का न तो सही भाव मिल रहा है और न ही सही तौल, जिससे मंडी में लाखों रुपए मंडी टैक्स की चोरी प्रति दिन हो रही है, जिससे सचिव अपनी जेबें भर रहे हैं।चंदेरी-पिछोर रोड पर उपस्थित मंडी कर्मचारी चंद्रभान यादव से हमारी टीम द्वारा पूछा गया कि कृषि उपज की नीलामी क्यों नहीं कराई जाती तथा रसीदें क्यों नहीं काटी जातीं, तो कर्मचारी ने बताया कि "बलवीर दाऊ तथा मृदुल जैन से बात करो, मुझे कुछ नहीं मालूम।" बलवीर सिंह यादव सचिव तथा मृदुल जैन सहायक उप निरीक्षक गलत कार्य करने में माहिर हैं क्योंकि लगभग 3-4 वर्ष पूर्व खनियाधाना मंडी में ही बलवीर सिंह यादव के द्वारा लगभग 24 लाख का गबन कराया गया था एवं मृदुल जैन को गलत कार्य करने के कारण मंडी बोर्ड ने अपने आदेश क्रमांक 1971 दिनांक 10/10/24 से निलंबित कर दिया था।लेकिन बलवीर यादव सचिव एवं मुदुल जैन सहायक उप निरीक्षक ने मंडी बोर्ड के अधिकारियों पर रिश्वत की बरसात करके अपनी पदस्थापना पिछोर मंडी में करवा ली तथा खनियाधाना मंडी का अतिरिक्त प्रभार लेकर अपने पुराने ढर्रे पर चलने लगे एवं गलत कारनामों को अंजाम देने लगे।माननीय कृषि मंत्री महोदय एवं प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड भोपाल अपने को किसानों का हितैषी बताकर वाहवाही लूटते हैं, दूसरी तरफ खनियाधाना मंडी की उपमंडी बमोर में अपने कर्मचारियों से सीधा किसानों का गला कटवा रहे हैं। अब कहाँ गई प्रबंध संचालक ई मंडी अब देखना ये है कि इस खबर का कितना असर प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड भोपाल पर पड़ता है या कान में उंगली डालकर मूक दर्शक बनकर गलत कार्य करने के लिए अपने कर्मचारियों को मौन स्वीकृति देते रहेंगे।

## आंगनबाड़ी केंन्द्रो में अनियमितता मिलने पर एसडीएम ने की नाराजगी व्यक्त

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा समूह संचालकों क़ो जारी किए कारण बताओं नोटिस

दैनिक रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल



पिछोर (शिवपुरी)पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) शिवदयाल धाकड़ के द्वारा खनियाधाना विकासखंड की ग्राम पंचायत बनोटा के आंगनबाड़ी केन्द्रो का औचक निरीक्षण किया जहाँ निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत की दोनों आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए गए ! वहीं उन्होंने महिला बाल विकास अधिकारी अरविंद तिवारी को जांच करने के निर्देश दिये !

जानकारी के अनुसार 21 मई बुधवार को पिछोर एसडीएम द्वारा बनोटा ग्राम पंचायत में शासकीय उचित मूल्य की दुकान तथा आंगनबाड़ी केंद्रो का ओचक निरीक्षण किया ! निरीक्षण के दौरान ग्राम वासियों द्वारा एसडीएम से नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र न खुलने की शिकायत की तथा बताया कि दोनों ही केंद्र ना ही समय पर कभी खुलते हैं एवं नाही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनीता सेन तथा श्रीमती अर्चना राजोरिया समय पर आती हैं इसके साथ-साथ ग्राम वासियों द्वारा बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र बनोटा में केंद्र एक एवं केंद्र दो पर बच्चों को दिया जाने वाला पोषण आहार ग्राम उत्थान स्वसहायता समूह तथा गौड़ बाबा स्वसहायता समूह द्वारा एक या दो दिन ही पूरक पोषण आहार प्रदान किया जाता है, इस गंभीर अनियमिता को लेकर एसडीएम द्वारा महिला बाल विकास अधिकारी क़ो जाँच करने के निर्देश दिये,वहीं जाँच विभाग के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आजाद यादव द्वारा की गई जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से संचालित ना होने पर तथा पूरक पोषण आहार की गंभीर अनियमितता की शिकायत सही पाए जाने पर श्रीमती अनीता सेन तथा अर्चना राजोरिया के कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर अपना साक्ष्य प्रस्तुत करने के नोटिस जारी किया वहीं पूरक पोषण आहार की गंभीर अनियमिता को लेकर समूह संचालक को जवाब प्रस्तुत करने को कहा जवाब प्रस्तुत न करने पर समूह का आदेश समाप्त करने का नोटिस जारी किया गया !

## नर्मदा काली सिंध फेस 2 मेगा कंपनी ने पाइप लाइन तो निकाल दी लेकिन किसानों के खेत बोने लायक नहीं बनाए

संजय प्रेम जोशी



भारतीय किसान संघ ने कम्पनी के वाहन रोककर धरना दिया हाटपिपल्या लगातार एसडीएम तहसीलदार को ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगाने के बाद भी मेघा कम्पनी के अधिकारियों की मनमानी के चलते किसान अपने खेत नहीं बो पा रहे वर्ष 2022/23 मे नर्मदा कालीसिंध परियोजना का पुनासा डेम से उदयनगर, बागली, हाटपिलिया, सोनकच्छ, तहसील से होकर राजगढ़ एवं शाजापुर जिले में नर्मदा काली सिंध फेस 2 का पानी पहुचना है जिसका कार्य चल रहा है वर्ष 2022 में हाटपिपल्या तहसील के पालखा गांव के किसानों की जमीन में 140 फीट चौड़ी , खुदाई ,रोड, एवं मटेरियल डालने हेतु एवं 25 फीट गहरी जमीन की खुदाई की थी इसमें 19 फीट के चोडे पाइप डाले गए इसके बाद कंपनी ने कई किसानों को खेत सुधार दिए एवं कई किसानों के खेत में मुरम बोल्डर मिट्टी अभी भी पड़ी किसान 2 साल से अपनी खेती नहीं बो पा रहा जबकि कंपनी को किसानों को खेत मुरम बोल्डर हटाकर मिट्टी डालकर लेवल करना था एवं बोने लायक बनाना था लेकिन कंपनी आज तक नहीं कर पाए भारतीय किसान संघ के बैनर तले पालखा गांव में कंपनी के वाहन रोककर लगातार 3 दिन से धरना दे रहा है शुक्रवार को दोपहर में नायब तहसीलदार हर्षा वर्मा धरना स्थल पर पहुंची उन्होंने कहा कि चार दिन में हम खेतों का लेवल कर मटेरियल उठवा लेंगे और मुआवजा की बात आप उच्च अधिकारी से करना किसानों ने कहा कि आप लिखित में देते हो तुम हम धरना समाप्त कर सकते हैं लेकिन उन्होंने लिखित में देने से मना कर दिया इसलिए धरना समाप्त नहीं हो सका किसानों ने वही दाल बाटी बनाकर लगातार 3 दिन से धरने पर बैठे हैं किसानों का कहना है कि मई का अंतिम महीना चल रहा है इस बार भी अगर खेत नहीं सुधरे तो हम बोने से वंचित होंगे लेकिन शासन प्रशासन एवं कंपनी इस मामले में कोई ध्यान नहीं दे रही शाम को तहसीलदार संगीता गोलिया भी धरना स्थल पर पहुची उन्होंने कलेक्टर से बैठक करवाने की बात कही अभी धरना चालू है धरना स्थल पर प्रचार प्रमुख गोवर्धन पाटीदार जिला अध्यक्ष हुकम पटेल राकेश जाट केदार मल पाटीदार, अनिल पाटीदार ओमप्रकाश पाटीदार, महेश पाटीदार यूवराज सिह कमल यादव, जितेंद्र पटेल, मुकेश यादव एवं सेकडो किसान उपस्थित थे जानकारी हाटपिपल्या तहसील अध्यक्ष रामनारायण यादव ने दी।

# "हमारा लक्ष्य – सुगम, सुरक्षित, सुखद यातायात"

## इन्दौर प्रेस क्लब व यातायात पुलिस का संयुक्त जागरूकता अभियान

### प्रेस क्लब परिवारजनों के लिए "ट्रैफिक की पाठशाला" का आयोजन


नगरीय इन्दौर में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन श्री अरविंद तिवारी के मार्गदर्शन में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में दिनांक 23 मई 2025 को इन्दौर प्रेस क्लब द्वारा मीडिया परिवारजनों और उनके बच्चों के लिए एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।



कार्यशाला में आरक्षक सुमंत सिंह कछावा (एजुकेशन विंग, ट्रैफिक पुलिस) ने "सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा" विषय पर प्रेरणादायक संवाद प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अब जान रहा देश का हर बच्चा, सबसे जरूरी सड़क सुरक्षा। "सफर सुरक्षित होगा उसका, जिसने पथ पर चलना सीख लिया। यातायात के सरल नियमों को, जिसने जीवन में तूल दिया।"

इस अवसर पर "गुड सेमेरिटन" यानी नेकदिल नागरिक बनने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं के समय मदद करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है, न कि वीडियो बनाना। कार्यक्रम में बच्चों व परिवारजनों को ट्रैफिक अल्फाबेट्स जैसे हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किंग, लाइसेंस की प्रक्रिया, लेन अनुशासन व वाहन संचालन की सावधानियों से अवगत कराया गया। "रोड सेफ्टी चैंपियन" मेडल उन प्रतिभागियों को दिए गए जिन्होंने पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही दिए। बच्चों ने न केवल यातायात नियमों को सीखा, बल्कि उन्हें अपने साथियों और अभिभावकों तक पहुँचाने का संकल्प भी लिया। इन्दौर प्रेस क्लब महासचिव श्री हेमंत शर्मा ने कहा, "इस कार्यशाला से हमारे मीडिया परिवार को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। हम पेरेंट्स तक भी इन संदेशों को पहुँचाएंगे।" कार्यक्रम में प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, अर्पण जैन, नितेश पाल, मार्टिन भाई, राजेंद्र गुप्ता, अशोक गौड़, जीतू शिवरे सहित कई सम्मानित सदस्य व परिजन मौजूद रहे। इन्दौर ट्रैफिक पुलिस और प्रेस क्लब के इस सराहनीय प्रयास से निश्चित ही इन्दौर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित और सुखद बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

### 'सिंदूर' के पीछे साजिश, पाकिस्तान के लिए जासूसी करती महिला की गिरफ्तारी से खुला बड़ा नेटवर्क



भारत में पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही एक महिला की गिरफ्तारी चिंता का विषय है। पाकिस्तान की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। आतंकवादियों को पालने और सीमा पर तनाव बढ़ाने के साथ एक के बाद एक वह साजिशें रचता रहा है। इसमें वह भारतीय नागरिकों को बहला-फुसला या किसी तरह फंसा कर खुफिया जानकारियां जुटाने का प्रयास करता रहा है। बीते कुछ दशक में उसने अपना यह जासूसी संजाल मजबूत कर लिया है। 'आपरेशन सिंदूर' के बाद चलाए गए विशेष अभियान के तहत जिस तरह एक के बाद एक पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे लोग गिरफ्तार हो रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि उसका संजाल काफी फैला हुआ है। पर सवाल यह भी उठता है कि भारतीय खुफिया एजंसियों की जो सतर्कता अब दिखाई दे रही है, वह पहले क्यों नहीं थी। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को दुश्मन देश की खुफिया एजंसियां 'अपने संपर्क' के तौर पर काफी समय से तैयार कर रही थी। हैरानी है कि इसकी भनक भारतीय एजंसियों को इतनी देर से क्यों लगी? इसके अलावा कई भारतीयों का आइएसआइ के संपर्क में आना गंभीर खतरे की ओर इशारा करता है। एनआइए ने कैथल में एक पाक जासूस को पकड़ा, तो पंजाब पुलिस ने सैन्य जानकारी साझा कर रहे गुरदासपुर के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अब तो जासूसी की जांच उत्तर प्रदेश के रामपुर तक जा पहुंची है। ऐसा लगता है कि पहलगाम आतंकी हमले के पहले से पाकिस्तान, भारत में जासूसों का जाल बना रहा था। अगर वह ऐसा कर रहा था, तो इस कड़ी को पकड़ने में चूक कैसे हुई। अगर यह दावा किया जा रहा है कि आतंकी हमले से पहले ज्योति मल्होत्रा पहलगाम गई थी, तो यह निश्चित रूप से गंभीर मामला है और इसकी तह में जाने की जरूरत है। कुछ जासूसों का राजनीतिक संपर्क भी देखा गया है। डीआरडीओ के एक वैज्ञानिक की गिरफ्तारी को लोग आज भी नहीं भूले हैं। तब उसकी राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल भी उठा था। जासूसों को वीजा कौन और कैसे दिलवाता है, इसकी जांच भी होनी ही चाहिए।

### आज का कार्टून




# थरूर की सहानुभूति और चिदंबरम की दरियादिली...!

"दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा भले ही अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने में असमंजस के दौर से गुजर रही हो, लेकिन भारत राष्ट्र के प्रति उसके समर्पण का ही यह तकाजा है कि अब वह अजेय पार्टी बनने जा रही है, खासकर आम चुनाव 2029 में! और यदि ऐसा हुआ तो फिर भाजपा को हराना भारतीय विपक्षी पार्टियों और उनके तथाकथित इण्डिया गठबंधन के लिए बेहद मुश्किल हो जायेगा। दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि दिग्गज कांग्रेस रणनीतिकार रहे पी चिदंबरम ने खुद कहा है। इसलिए सियासी हल्के में यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या एक और कांग्रेस दिग्गज भी एक अन्य कांग्रेस दिग्गज शशि थरूर की राह पर चल रहे हैं, जो पहले से ही कांग्रेस लाइन से बे-लाइन चल रहे थे। क्योंकि उनके बयानों से तो यही जाहिर होता है कि वे कांग्रेस के वरिष्ठ राजनेता नहीं बल्कि बीजेपी के वरिष्ठ राजनेता हैं। ऐसा इसलिए कि अब चिदंबरम ने भी कुछ शशि थरूर जैसे ही बयान देने शुरू कर दिए हैं!"

कमलेश पांडे

ऐसे में सवाल है कि कांग्रेस नेताओं के लिए यह महज संयोग है या फिर वैचारिक भूलभुलैय्या वाला कोई अभिनव प्रयोग! समझा जाता है कि सत्ता जाने के बाद बड़े नेताओं द्वारा इधर उधर गुंजाइश तलाशना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन जब गाँधी परिवार के विश्वासपात्र नेता ही ऐसा करने लगें तो राहुल-प्रियंका गाँधी का चिंतित होना स्वाभाविक है, जबकि वे दोनों बेफिक्र लग रहे हैं और इन बडबोले नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस में हो रहे पीढ़ी परिवर्तन से ये नेता अनफिट घोषित किए जा चुके हैं, इसलिए वो अपने-अपने बयानों से भाजपा को पटाने में जुटे हैं।

राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि थरूर की सहानुभूति से केरल भाजपा और चिदंबरम की दरियादिली से तमिलनाडु भाजपा को आशातीत बढ़त मिल सकती है। क्योंकि कांग्रेस के जो वफादार पुराने प्रहरी हैं उनमें से चिदंबरम-थरूर का नाम राजनीतिक हलकों में बड़ी ही साफगोई पूर्वक लिया जाता है। इसके एक नहीं, बल्कि सैकड़ों वजहें हैं। आखिर तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जमाने से ही चिदंबरम कांग्रेस का झंडा मजबूती से पकड़े हुए हैं। हालाँकि कई बार उनके बयानों में भी कांग्रेस को कड़वी सच्चाई का सामना करना पड़ जाता है। वो भी बिलकुल वैसे ही कुछ करते हुए दिखाई दे जाते हैं, जैसे शशि थरूर करते रहते हैं। हालाँकि कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं की फितरत भी यही रहती है, लेकिन वो उतने बड़े और प्रभावी नहीं हैं, जितने कि ये दोनों।

अब ताजा मामला ही देखिए कि चिदम्बरम ने पाकिस्तान वाले ऑप्रेशन सिंदूर के मसले पर भारत सरकार की पहले ही तारीफ की थी और अब इंडिया गठबंधन को भी जो सही आइना दिखाते हुए खरी खोटी सुना दी है, उसके अपने सियासी मायने हैं जिन्हें भुनाने में भाजपा और उसका राजग गठबंधन कतई पीछे नहीं रहेगा। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद चिदंबरम सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय सिंह यादव की किताब %कंटेस्टिंग डेमोक्रेटिक डेफिसिट% के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। इस किताब में, सलमान खुर्शीद और मृत्युंजय यादव ने पिछले साल के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के पुनरुद्धार के प्रयासों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने बताया है कि कैसे कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा और विपक्षी दलों के साथ मिलकर इंडिया ब्लॉक का गठन किया, जिससे भारत में लोकतंत्र को बचाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक से जुड़े कुछ मुद्दे हैं, जिनका समाधान किया जाना चाहिए।

वहीं, इसी ऐन मौके पर चिदंबरम ने भी इंडिया गठबंधन को आईना दिखा दिया और साफ-साफ कह दिया कि ऐसा नहीं लगता कि इंडिया गठबंधन अब भी पूरी तरह से एकजुट है। यह लगभग बिखरता हुआ दिखाई देता है और इसका भविष्य उज्ज्वल नहीं दिखता। उन्होंने यहां तक कह दिया  कि इंडिया ब्लॉक का भविष्य उतना उज्जवल नहीं है, जैसा कि मृत्युंजय यादव ने कहा। उन्हें लगता है कि गठबंधन अभी भी बरकरार है, लेकिन मुझे यकीन नहीं है। इसका उत्तर केवल सलमान खुर्शीद ही दे सकते हैं, क्योंकि वे इंडिया ब्लॉक के लिए वार्ता करने वाली टीम का हिस्सा थे। ऐसे में अगर गठबंधन पूरी तरह बरकरार रहता है, तो मुझे बहुत खुशी होगी। लेकिन आए दिन उजागर होने वाली कमजोरियों से पता चलता है कि गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि गठबंधन अभी भी बच सकता है। अभी भी समय है। वहीं, चतुर सियासी खिलाड़ी रहे चिदंबरम ने आखिरी में यह उम्मीद भी जता दी कि इंडिया गठबंधन को अब भी जोड़ा जा सकता है। अगर समय रहते इस पार काम हुआ तो कुछ हो सकता है।





समझा जा रहा है कि यह राहुल गाँधी की नेतृत्व क्षमता पर तो सवाल है ही, कांग्रेस के सहयोगी दलों के नेताओं की निष्ठा पर उससे भी बड़ा सवाल पैदा कर जाता है। इसलिए यह शब्द सुनकर शायद ही कांग्रेस आलाकमान और इस गठबंधन में मौजूद पार्टियों को अच्छा लगेगा। बता दें कि इससे पहले भी  चिदंबरम ने एक अंग्रेजी दैनिक में अपने एक लेख में पीएम मोदी के नेतृत्व को सराहा और कहा कि सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया। भारत ने जो कार्रवाई की वो बेहद सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों की बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। वहीं उन्होंने इस कार्रवाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समझदारी भरा कदम बताया है।

यही वजह है कि उनके इस परिवर्तित दृष्टिकोण ने कांग्रेस आलाकमान को सकते में डाल दिया है। कहने का तात्पर्य यह कि चिदंबरम ने महज एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार कांग्रेस की कोर टीम को अपने बयानों से बेचैन कर दिया है। लिहाजा राजनीतिक जानकार उनके बयान को बड़ी ही करीबी से देख रहे हैं, क्योंकि इससे पहले कांग्रेस के बड़े नेताओं में शशि थरूर ऐसा करते हुए पाए गए हैं। जो लंबे समय से पीएम मोदी के अंदाज के मुरीद रहे हैं। इसलिए अब देखना यह होगा कि चिदंबरम के बयानों के मायने क्या निकलकर आते हैं! हालाँकि फ़िलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि क्योंकि चिदंबरम कई बार अपने बयानों से चौंकाते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही किया है। ऐसा करके वो शायद अपने बेटे के लिए कोई बड़ी जिम्मेदारी चाहते हों। तमिलनाडु भाजपा को अभी ऐसे ही नेताओं के नेटवर्क की जरूरत भी है, ताकि दक्षिण भारत में भाजपा की पैर जमे!

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम का भाजपा को लेकर यह कहना कि विपक्षी गठबंधन एक दुर्जेय मशीनरी के खिलाफ लड़ रहा है। उन्होंने भाजपा को लेकर भी विपक्षी गठबंधन को चेतावनी दी और साफगोई पूर्वक कहा कि विपक्षी गठबंधन एक दुर्जेय मशीनरी के खिलाफ लड़ रहा है, जिसे सभी मोर्चों पर लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरे अनुभव और इतिहास के मेरे अध्ययन में, भाजपा जितनी मजबूत संगठित कोई राजनीतिक पार्टी नहीं रही है। यह सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि एक मशीनरी की तरह है, और इस मशीन के पीछे एक और मशीन है, जो चुनाव आयोग से लेकर देश के सबसे निचले पुलिस स्टेशन तक को नियंत्रित करती है और कभी-कभी उन पर कब्जा करने में सक्षम है। यह एक दुर्जेय मशीनरी है।%

केंद्रीय मंत्री चिदंबरम ने कहा कि चुनाव परिणामों ने दिखाया है कि कोई भी भारत में चुनावों को कमजोर नहीं कर सकता, जो अभी भी एक चुनावी लोकतंत्र है। आप भारत में चुनावों में हस्तक्षेप कर सकते हैं। आप उनमें छेड़छाड़ कर सकते हैं, लेकिन आप चुनावों से बच नहीं सकते। आप ऐसे चुनाव नहीं कर सकते जहां सत्ताधारी पार्टी 98 फीसदी वोट ले जाए। भारत में ऐसा संभव नहीं है। इसलिए कांग्रेस नेता चिदंबरम ने चेताया कि अगर 2029 का आम चुनाव भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से चला गया, तो फिर शायद लोकतंत्र को बचाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। इसलिए 2029 के चुनाव महत्वपूर्ण हैं और हमें पूर्ण लोकतंत्र में वापस लाना चाहिए।

वहीं दिलचस्प बात तो यह भी है कि एक अन्य कांग्रेसी दिग्गज सलमान खुर्शीद ने चिदंबरम की बात पर सहमति जताई और स्पष्ट कहा कि हमें 2029 में एक बहुत बड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा। इस बात पर विचार करना होगा कि गठबंधन के सहयोगियों को कैसे एक साथ लाया जाए। अगर विपक्षी दलों को चुनावी रुझानों में बड़ा उलटफेर करना है, तो उन्हें बड़े पैमाने पर सोचना होगा। केवल यह सोचने से बात नहीं बनेगी कि कौनसी पार्टी कितनी सीटों पर लड़ेगी और नतीजे आने के बाद क्या होगा। अगर हम ऐसा करते हैं तो हम देश में चुनावी रुझानों में बड़ा उलटफेर करने से चूक जाएंगे।

भाजपा के लिए यह शुभ घड़ी है कि अब विपक्षी नेता ही उसकी रणनीति को सराह रहे हैं। ऐसे में पार्टी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। अब तो उसके नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन से ही पता चलेगा कि आत्ममुग्ध भाजपा का भविष्य का दांव-प्रतिदाव कैसा और कितना सार्थक होगा। शायद इसलिए कद्दावर कांग्रेसी नेता पी. चिदंबरम और शशि थरूर की परिवर्तित सियासी निष्ठा से भाजपा के अजेय होने की चर्चा जोर पकड़ चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उसकी जनसाख भी बढ़ी है। मिशन 2029 में वह अभी से जुट गई है। जबकि बिहार विधानसभा चुनाव 2025, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 और उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कथित इंडिया गठबंधन भाजपा नीत एनडीए को टक्कर दे पाएगा या नहीं!

# EV चार्जिंग स्टेशन लगाने के नाम पर लोगो से निवेश कराकर धोखाधड़ी करने वाली फर्जी ऑनलाइन-इन्वेस्टमेंट कंपनी का पर्दाफाश कर 01 आरोपी को पुलिस थाना पलासिया ने किया गिरफ्तार




**सोशल मीडिया फेसबुक व इंस्टाग्राम तथा टेली कॉलिंग के माध्यम से लोगों को EV चार्जिग स्टेशन हेतु निवेश कर ज्यादा मुनाफा अर्जित करने का लालच देकर करते थे ठगी।**

**पुलिस टीम द्वारा 8 मोबाइल, 8 सिम, एक लैपटॉप, 6 डेस्कटॉप कंप्यूटर तथा उपकरण आदि किये जप्त ।**

इंदौर- शहर मे साइबर अपराधों, ऑनलाईन धोखाधडी एवं लोगो को अधिक लाभ अर्जित करने का लालच देकर फर्जी निवेश करा कर ठगी को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये है। उक्त निर्देशों के तारतम्य मे पुलिस उपायुक्त नगरीय जोन-3 श्री हंसराज सिंह एवं अति पुलिस उपायुक्त जोन-3 श्री रामस्नेही मिश्रा के मार्गदर्शन मे सहायक पुलिस आयुक्त संयोगितागंज श्री तुषार सिंह द्वारा साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए साइबर डेस्क का गठन कर सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग कर साइबर अपराधों एवं अवैधानिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों पर पुलिस थाना पलासिया टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया फेसबुक व इंस्टाग्राम तथा टेली कॉलिंग के माध्यम से लोगों को EV चार्जिंग स्टेशन लगाने के नाम पर इन्वेस्टमेंट कराकर धोखाधड़ी करने वाली कंपनी का पर्दाफाश कर 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**तरीका-ए-वारदात :**

पुलिस थाना पलासिया पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियो द्वारा बी-202 अनमोल स्पेस वैकुंठधाम कालोनी इंदौर में DART-EV नाम से फर्जी कंपनी संचालित की जा रही है। कंपनी का प्रचार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है तथा उक्त ऑफिस में लड़के लड़कियों को टेली कॉलिंग के लिए नौकरी पर रखा गया है जिन्हे आरोपीगण द्वारा मोबाइल नंबर की सूची दी जाती है। और यह कर्मचारी मोबाइल फोन से कॉल करके इन्वेस्टमेंट के लिए प्रलोभन देते है। इनके द्वारा बताया जाता था कि कंपनी देशभर में EV चार्जिंग स्टेशन लगाती है। कंपनी में कम से कम 4600/- तथा अधिक से अधिक 50 लाख रुपए तक निवेश किए जाने का अलग-अलग स्लैब बताया जाता है। जिसके अनुसार सालाना 40% से 50% रिटर्न मासिक रूप से देने का वादा किया जाता था। निवेश की गई राशि का 18 महीने का लॉक-इन पीरियड बताया जाता था जिसके अनुसार 18 महीने तक धनराशि कंपनी में निवेशित रहेगी।

इनके द्वारा निवेशकों को एक मोबाइल एप इंस्टॉल करवाई जाती थी जिसमें निवेश की गई धनराशि तथा प्राप्त लाभ आदि का उल्लेख होता था किंतु उक्त एप के माध्यम से धनराशि की निकासी की कोई सुविधा नहीं दी गई थी। उक्त सूचना पर थाना पलासिया की साइबर डेस्क टीम द्वारा ग्राहक बनकर इनसे इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क किया गया, जिस पर इनके द्वारा मोबाइल फोन से पुलिस टीम से संपर्क किया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी जानकारी निकलकर आरोपीगण का कार्यस्थल ज्ञात किया गया वह संपूर्ण कार्रवाई की गई। अभी तक की विवेचना में उक्त आरोपीगण द्वारा देश के अलग-अलग हिस्सों से निवेश प्राप्त करना स्वीकार किया है। आरोपीगण द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक तथा इंस्टाग्राम के माध्यम से कंपनी का प्रचार किया जाता था जिस से भी लोग इनसे निवेश हेतु संपर्क करते थे।

बैंक खाते की जानकारी प्राप्त कर कुल निवेश राशि का पता लगाया जा रहा है। आरोपी द्वारा अन्य बैंक खाता संचालित किया जा रहे हैं जिसकी भी जानकारी निकाली जा रही है। निवेशकों द्वारा 1930 पर इनके विरुद्ध की गई शिकायतों की भी जानकारी प्राप्त की जा रही है। आरोपी :- 1. सिद्धार्थ मालवीय उम्र 26 वर्ष निवासी लक्ष्मण पुरी कॉलोनी इंदौर को गिरफ्तार किया गया है तथा दूसरा साथी 2. उमेश शाही है जो अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

जप्त सामग्री :- 8 मोबाइल फोन सिम सहित, 8 सिम, एक लैपटॉप 6 डेस्कटॉप कंप्यूटर तथा उपकरण ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पलासिया श्री मनीष मिश्र, उप निरीक्षक राजकुमार पवार, प्रधान आरक्षक संदीप राठौर, आरक्षक वैभव बाविस्कर की उल्लेखनीय भूमिका रही ।

# सूने मकानों की रैकी कर नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाली शातिर नकबजनों की गैंग, पुलिस थाना राजेन्द्र नगर इंदौर की गिरफ्त में

पुलिस ने, आरोपियों द्वारा क्षेत्र में की गई चार वारदातों का खुलासा कर, लगभग 75 लाख रुपए का मश्रुका किया बरामद।

आरोपियों से लगभग 200 ग्राम सोने के व लगभग पांच किलो चांदी के जेवरात कीमती 25 लाख के, 07 बेशकीमती घडियाँ (जिनमें राडों कंपनी की लाखों रुपये की 02 घडियाँ) एवं लगभग पाँच किलो से अधिक बेशकीमती 75-80 वर्ष पुराने विभिन्न धातुओं के एंटीक सिक्के, चोरी की गई एक Royal Enfield Bullet, नगदी रुपये 03 लाख 13 हजार, अपराध में प्रयुक्त KIA Seltos Car व दो मोबाईल आदि बरामद ।

04 शातिर पेशेवर नकबजन धराएं जिसमें उज्जैन के थाना बडनगर के लूट के अपराध में तीन वर्ष से फरार उदघोषित ईशाक खान भी आया गिरफ्त में ।

नकबजनों से अपराध घटित करने में शामिल चार पहिया वाहन KIA Seltos के साथ ही चोरी करने में उपयोग करने वाली औजार आदि भी हुए जप्त ।

आरोपी है आदतन अपराधी जिनके विरुद्ध इंदौर शहर सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में कई अपराध है पंजीबद्ध।

इन्दौर शहर में सम्पत्ति संबंधी अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जिसके परिपेक्ष्य में पुलिस उपायुक्त जोन -01 इंदौर श्री विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में अति.पुलिस उपायुक्त जोन-01 श्री आलोक कुमार शर्मा व सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग गांधी नगर श्रीमती रुबीना मिजवानी के दिशा निर्देशन में कार्यवाही करते हुए, पुलिस थाना राजेन्द्र नगर द्वारा शातिर नकबजनों की गैंग का पर्दाफाश कर करीब 75 लाख का माल बरामद किया गया है।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना राजेन्द्नरगर क्षेत्र मे हुई संपति सम्बन्धी नकबजनी/चोरी की घटनाओ की पतारसी हेतु थाना प्रभारी राजेन्द्रनगर श्री नीरज बिरथरे के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम गठित की गई जो टीम के द्वारा लगातार दिन रात सक्रिय रहकर मुखबिरों के माध्यम से संसूचना इकठ्ठी कर दबिश कार्यवाही कर निम्न नकबजनी/चोरी के अपराधों में अज्ञात नकबजन/चोरों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार कर चोरी किया गया मश्रुका बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है ।

नकबजनी/चोरी के अपराध जिनका अनावरण किया जा रहा है वह निम्नानुसार हैं—

घटना क्रमांक-01– दिनांक-29/04/2025 व दिनांक-30/04/2025 के मध्य समय, थाना राजेन्द्रनगर क्षेत्रान्तर्गत मकान क्रमांक-739/40, शिवालय बीजलपुर में अज्ञात चोरों के द्वारा घर में आउटर पाईप के जरिये घुसकर अलमारी के लॉक तोडकर काफी मात्रा में सोने व चांदी के नये जेवरात, पुश्तेनी जेवरात, व कुछ नगदी चुराकर ले गये थे जिस संबंध में थाना राजेन्द्रनगर, इन्दौर पर फरियादी शंकरलाल पिता जेठानन्द बजाज निवासी-739/40, शिवालज बीजलपुर, इन्दौर की सूचना पर प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक-347/2025 अन्तर्गत धारा-331(4), 305(ए) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर अज्ञात चोर व चोरी हुए मश्रुका की तलाश प्रारंभ की गई ।



घटना क्रमांक-02– दिनांक-05/05/2025 व दिनाक-06/05/2025 के मध्य रात्रि थाना राजेन्द्रनगर क्षेत्रान्तर्गत मकान क्रमांक-55, हैदरी पार्क कॉलोनी, इन्दौर में अज्ञात चोरों के द्वारा घर के दरवाजे के लॉक तोडकर अंदर घुसकर घर की अलमारीयों से बहुमूल्य धातु के पुराने एंटिक सिक्के, काफी मात्रा में नगदी, सोने व चांदी के आभूषण, महँगी ब्रांडेड कंपनीयों की काफी हाथ घडियाँ चुराकर ले गये थे जिस संबंध में थाना राजेन्द्रनगर, इन्दौर पर फरियादी काईद जोहर आगा पिता अब्बास अली निवासी-हैदरी पार्क कॉलोनी, इन्दौर की सूचना पर प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक-373/2025 अन्तर्गत धारा-331(4), 305(ए) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर अज्ञात चोर व चोरी हुए मश्रुका की तलाश प्रारंभ की गई ।

घटना क्रमांक-03– दिनांक-30/04/2025 व दिनांक-01/05/2025 के मध्य रात्रि थाना राजेन्द्रनगर क्षेत्रान्तर्गत मकान क्रमांक 311 निहालपुरी मुण्डी, इन्दौर में अज्ञात चोरों के द्वारा घर का रोशनदान तोडकर घर में घुसकर घर में रखी अलमारियों के लॉकर तोडकर अलमारीयों में रखे सोने व चांदी के जेवर व नगदी रुपये चुराकर ले गये थे जिस संबंध में थाना राजेन्द्रनगर, इन्दौर पर फरियादी दिलीप पिता राधेश्याम पांचाल निवासी-311, निहालपुरी मुण्डी, इन्दौर की सूचना पर प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक-351/2025 अन्तर्गत धारा-331(4), 305(ए) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर अज्ञात चोर व चोरी हुए मश्रुका की तलाश प्रारंभ की गई ।

घटना क्रमांक-04– दिनांक-02/05/2025 व दिनांक-03/05/2025 के मध्य समय थाना राजेन्द्रनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम निहालपुर मँडी में फरियादी के घर के सामने से अज्ञात चोर द्वारा Royal Enfield Bullet चुराकर ले गया था जिस संबंध में थाना राजेन्द्रनगर, इन्दौर पर फरियादी अश्विन चौधरी पिता केदार चौधरी निवासी-ग्राम निहालपुरी मुँडी, इन्दौर की सूचना पर प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक-371/2025 धारा-303(2) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर अज्ञात चोर व चोरी गई बुलेट बाईक की तलाश प्रारंभ की गई ।

## पुलिस कार्यवाही

थाना राजेन्द्रनगर क्षेत्रान्तर्गत पूर्व में हुई नकबजनी/चोरी के अपराधों के संबंध में एक स्पेशल टीम गठित की गई जो टीम के द्वारा लगातार दिन रात सक्रिय रहकर मुखबिरों के माध्यम से संसूचना इकठ्ठी की गई जिसमें ज्ञात हुआ कि उपरोक्त अपराधों में चोरी की घटना करने वाले आरोपी KIA Seltos Car में चोरी का मश्रुका लेकर इन्दौर शहर में बेचने के उद्धेश्य से यहाँ वहाँ ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। उक्त मुखबिर सूचना के आधार पर कार्यवाही करते दिनांक को सूचना मिली की उक्त सफेद रंग की बिना नंबर की KIA Seltos कार थाना राजेन्द्रनगर क्षेत्रान्तर्गत कुंदन नगर मैन रोड पर थाना क्षेत्र के विभिन्न अपराधों में चोरी किया गया मश्रुका बेचने के उदेश्य के लिये खडी हुई है जिस संबंध में गठित टीम द्वारा उक्त कार की घेराबंदी की गई परन्तु उक्त कार पुलिस को देखकर भाग गई जिसका 05 किलोमीटर तक पीछकर अहीरखेडी, द्वारकापुरी के पास मैन रोड पर पुलिस वाहन को उक्त कार के आगे अडाकर रोका गया तदुपरांत कार में सवार संदेही/नकबजनों को अभिरक्षा में लेकर व कार की सर्चिंग कर, नकबजनों से कडाई से पूछताछ कर उनके मैमोरण्डम लेकर आगामी वैधानिक कार्यवाही करते हुए चोरी किये गये मश्रुका की बरामदगी की गई व नकबजनों को गिरफ्तार किया गया है एवं वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल दाखिल कराया जायेगा ।

नकबजनी करने का तरीका-ए-वारदात-

गिरफ्तारशुदा नकबजनों से कडाई से पूछताछ करने पर पाया गया कि वह पूर्व में नकबजनी/चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं जिस कारण उन्हें इस प्रकार की घटनाओं को घटित करने का अनुभव हो चुका है तथा वह आपस में योजना बनाकर सर्वप्रथम रहवासी कॉलोनी में रैकी कर चोरी करने हेतु सुनसान/बंद मकान को चुनते हैं व उक्त मकान को टारगेट के रुप में फाईनल/फिक्स कर उक्त मकान की बनावट आदि अनुसार उसमें प्रवेश करने की तरीका चुनते हैं जैसे आउटर पाईप के जरिये छत पर चढकर प्रवेश करना, रोशनदान काटकर अंदर प्रवेश करना, मैन गेट के लॉक तोडकर प्रवेश करना आदि होता है तथा क्षेत्र के अनुसार चोरी का समय निश्चित करते थे व योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम देते हुए सोने चांदी के जेवरात व नगदी चुराकर भाग जाते थे तथा घटना के समय मोबाईल नहीं लेकर जाते थे तथा चुराया हुआ सामान विक्रय कर अन्य राज्यों में भाग जाते थे ।

जप्त मश्रुका का विवरण—

(1). लगभग 200 ग्राम सोने के जेवर कीमती 20 लाख रुपये

(2). लगभग 05 किलो चांदी के जेवरात कीमती 05 लाख रुपये

(3). 07 बेशकीमती घडियाँ (जिनमें राडों कंपनी की लाखों रुपये की 02 घडियाँ) ।

(4). लगभग 05 किलो से अधिक बेशकीमती 75-80 वर्ष पुराने विभिन्न बहूमूल्य धातुओं के एन्टिक सिक्के व अन्य आकार की वस्तुयें ।

(5). चोरी की गई एक Royal Enfield Bullet ।

(6). चोरी किये गये नगदी रुपये 03 लाख 13 हजार ।

(7). अपराध में प्रयुक्त KIA Seltos Car व दो मोबाईल ।

(8). चोरी करने में उपयोग करने वाली सामग्री जैसे टामी, प्लास, रस्सी, हुक, कटर, स्क्रूड्राईवर, एडजस्ट पाना, पिंचिस आदि ।

उपरोक्त सम्पूर्ण जप्त सामग्री की कीमत लगभग 75 लाख रुपये है ।

गिरफ्तारशुदा नकबजनों का विवरण-

1. ईशाक खान उम्र-45 साल निवासी-ग्राम कनारदी तहसील तराना जिला उज्जैन (जो कि थाना तराना जिला उज्जैन के अपराध में फरार उद्घोषित अपराधी जिसकी तलाश जारी थी। साथ ही आरोपी के विरुद्ध थाना तराना उज्जैन, थाना राजेन्द्रनगर इन्दौर में विभिन्न धाराओं के 5 अपराध पंजीबद्ध है।)

2. शैलेन्द्र सोलंकी उम्र-45 साल निवासी-सेटेलाईट कॉलोनी, लसूडिया, इंदौर । (आरोपी के विरुद्ध थानाऔद्योगिक क्षेत्र देवास, थाना राजेन्द्रनगर इन्दौर में विभिन्न धाराओं के 5 अपराध पंजीबद्ध है।)

3. विकास उर्फ बंटी मीणा उम्र-31 साल, निवासी-ब्लॉक सी, चाणक्यपुरी मल्टी, सिविललाईन थाना के पास, देवास ( आरोपी के विरुद्ध थाना विजयगंज मण्डी, थाना सिरोंज विदिशा, मक्सी शाजापुर, सुजालपुर मण्डी, इच्छावर सीहौर, जहाँगीराबाद भोपाल,ब्यावरा राजगढ, थाना आजादनगर राजेन्द्रनगर इन्दौर में विभिन्न धाराओं के 14 अपराध पंजीबद्ध है।

4. संजय उर्फ हाईड्रा मालवीय उम्र-23 साल निवासी-पीपलरवा अयोध्यावस्ती, सोनकच्छ, जिला देवास । (आरोपी के विरुद्ध थाना भौंरासा देवास, थाना राजेन्द्रनगर इन्दौर में विभिन्न धाराओं के 5 अपराध पंजीबद्ध है)

सराहनीय भूमिका- उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना राजेन्द्रनगर निरीक्षक श्री नीरज बिरथरे, उ.नि. विकास शर्मा, उ.नि. मनोहर पाल सिंह, प्र.आर. 3346 शंशाक दुबे, प्र.आर.43 मुलायम सिंह, आर.639 गौरव गुर्जर, आर.3889 सुखवेन्द्र, आर.3764 रामवीर, आर.1104 पंकज चौहान, आर.1989 योगेश मिश्रा तथा जोन-01 साईबर सेल से आर.4051 प्रशांत मण्डलोई, आर. 2442 गोवर्धन बघेल व आर.3791 अमित खत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।